<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में हरेला पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर 22 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय के पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग में हरेला पर्व साप्ताहिक कार्यक्रम के अर्न्तगत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा पेड़ लगाकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह द्वारा कुलपति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा एवं संचार डा. जे.पी. जायसवाल, डा. संजय कुमार निदेशक जैव–प्रौद्योगिक, यूकोस्ट हल्दी, वेटेनरी सोसाइटी के स्टाफ काउंसलर डा. राजीव रंजन, डा. भाष्कर तिवारी, डा. आर.के. शर्मा, डा. एस.के. सिंह, डा अनिल यादव तथा महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। वृक्षारोपण के उपरान्त कुलपति ने पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग की विभिन्न ईकायों बकरी, शुकर, घोड़ा आदि स्थानों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की।



*वृक्षारोपण करते विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।*